CS (MAIN) EXAM, 2010

Sl. No. 288 **C–DTN–K–DBA**

COMMERCE AND ACCOUNTANCY

Paper—I

Time Allowed : Three Hours	Maximum Marks : 300

INSTRUCTIONS

Each question is printed both in Hindi and in English.

Answers must be written in the medium specified in the Admission Certificate issued to you, which must be stated clearly on the cover of the answer-book in the space provided for the purpose. No marks will be given for the answers written in a medium other than that specified in the Admission Certificate.

Candidates should attempt Question Nos. ***1*** *and* ***5*** *which are compulsory, and any* ***three*** *of the remaining questions selecting at least* ***one*** *question from each Section.*

Assume suitable data if considered necessary and indicate the same clearly.

The number of marks carried by each question is indicated at the end of the question.

ध्यान दें : अनुदेशों का हिन्दी रूपान्तर इस प्रश्न-पत्र के पिछले पृष्ठ पर छपा है।

Section—A

1. Answer the following in about *150* words each : 15×4=60

   (a) What objectives prompt a company to opt for 'buy-back' of shares? Through what sources can such a company execute the scheme of 'buy-back'? Examine.

   (b) How would you classify the different items of cost for the purposes of disclosing these items in a 'Cost-sheet'? Explain.

   (c) What relief is available to an individual under Section 89(1) of Income-tax Act, 1961 in respect of gratuity received from a public company after rendering services for more than 20 years? How shall the relief be calculated?

   (d) In what situations are business losses allowed to be set off and carried forward by persons other than those who actually suffered the losses?

2. *(a)* *(i)* From the following details of a company, you are required to calculate 'Earning Per Share' : 15

   Net profit (after tax)—Rs 2,00,000

   Preference share capital (Rs 100 each)—Rs 50,000

   Equity share capital (Rs 10 each)—Rs 1,50,000

खण्ड—क

1. निम्नलिखित में से प्रत्येक का लगभग *150* शब्दों में उत्तर दीजिए : 15×4=60

(क) शेयरों की 'वापस खरीद' को चुनने में कम्पनी को कौन-से उद्देश्य प्रेरित किया करते हैं? ऐसी कम्पनी किन स्रोतों के माध्यम से 'वापस खरीद' की योजना का निष्पादन कर सकती है? परीक्षण कीजिए।

(ख) 'लागत पत्रक' में लागत की विभिन्न मदों को प्रकट करने के प्रयोजनों के लिए आप उन मदों का किस प्रकार वर्गीकरण करेंगे? स्पष्ट कीजिए।

(ग) 20 से अधिक वर्षों तक सेवाएँ प्रदान करने के पश्चात् सार्वजनिक कम्पनी से प्राप्त होने वाले उपदान (ग्रैचुइटी) के सम्बन्ध में आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 89(1) के अधीन किसी व्यक्ति को क्या राहत उपलब्ध है? राहत का परिकलन किस प्रकार किया जाएगा?

(घ) किन परिस्थितियों में, जिन व्यक्तियों ने वस्तुतः कारोबारी हानियाँ उठाई थीं, उनसे अन्य व्यक्तियों के द्वारा उन हानियों का समंजन करना और आगे ले जाना स्वीकार्य होता है?

2. (क) *(i)* नीचे दिए गए एक कम्पनी के ब्योरे से आपको 'प्रति शेयर अर्जन' का परिकलन करना है : 15

निवल मुनाफा (करोत्तर)—2,00,000 रु०

अधिमान शेयर पूँजी

(प्रत्येक 100 रु०)—50,000 रु०

इक्विटी शेयर पूँजी

(प्रत्येक 10 रु०)—1,50,000 रु०

Preference shares carry 10% dividend and are cumulative and participating to the extent of 50% of profits after paying dividend on equity shares of 25% and transfer of 10% of net profits (after tax) to General Reserves.

You are further informed that last year due to overall recessionary conditions prevailing in the industry, the Company suffered heavy losses, resulting into skipping the dividend on equity shares.

(ii) How would you deal with the following items in relation to Cash Flow Statement? State in respect of each item (transaction) whether it leads to inflow or outflow of cash : 15

1. Depreciation
2. Payment of interim dividend
3. Revaluation of assets
4. Issue of bonus shares
5. Transfer of certain sum of money out of profits to General Reserves

अधिमान शेयर 10% लाभांश रखते हैं और संचयी हैं तथा इक्विटी शेयरों पर 25% लाभांश अदा कर देने और निवल मुनाफों (करोत्तर) के 10% को सामान्य आरक्षितियों को अंतरित कर देने के पश्चात् 50% की सीमा तक अवशिष्टभागी हैं।

आपको यह जानकारी भी दी जाती है कि पिछले साल उद्योग में समग्र रूप से मंदी की दशाओं की व्याप्ति के कारण कम्पनी को भारी हानियाँ उठानी पड़ी थीं, जिसके परिणामस्वरूप इक्विटी शेयरों पर लाभांश नहीं दिया गया था।

(ii) 'नकदी प्रवाह विवरण' के सम्बन्ध में आप निम्नलिखित मदों से किस प्रकार बर्ताव करेंगे? प्रत्येक मद (लेनदेन) के सम्बन्ध में बताइए कि उसके परिणामस्वरूप नकदी का अंतर्वाह होता है या कि बहिर्वाह : 15

1. मूल्यह्रास
2. अंतरिम लाभांश की अदायगी
3. परिसम्पत्तियों का पुनर्मूल्यन
4. बोनस शेयरों का निर्गम
5. मुनाफों में से कुछ विशेष राशि का सामान्य आरक्षितियों को अंतरण

(b) From the following information given by *XYZ* Limited as on 30th June, 2010, prepare a Cost Statement showing *(i)* Cost of output—Total as well as per unit and *(ii)* Net Profit for the year : 30

Information :

	Rs
Sales	49,000
Purchase of raw materials	15,000
Direct wages	15,000
Rent and other works cost	5,250
Carriage inward	250
Stock at the beginning of the year :	
Raw materials	2,500
Finished goods (50 tons)	3,000
Stock at the end of the year :	
Raw materials	2,750
Factory overheads	750
Sales promotion expenses	1,000
Office expenses	7,500
Selling expenses	2,000

Company produced 750 tons of products. The stock of finished goods at the end is 100 tons. It has to be valued at works cost.

3. *(a)* From the following particulars, compute total income and tax payable by Mr. *A* who is disabled and is of 68 years on 31st March, 2010 for the assessment year 2010–11 : 28

(i) Salary received from the employer—Rs 5,80,000

(ख) *XYZ* लिमिटेड द्वारा, जैसा कि 30 जून, 2010 को दी गई जानकारी से, निम्नलिखित को दर्शाने वाला एक लागत विवरण तैयार कीजिए : 30

(i) निर्गत (आउटपुट) की लागत—कुल एवं प्रति इकाई

(ii) वर्ष के लिए निवल मुनाफा

जानकारी :

	रु०
बिक्री	49,000
कच्चे माल की खरीद	15,000
प्रत्यक्ष मजदूरियाँ	15,000
किराया और अन्य निर्माणकार्य लागत	5,250
कैरिज आवक	250
वर्ष के प्रारम्भ में स्टॉक :	
कच्चा माल	2,500
तैयार माल (50 टन)	3,000
वर्ष के अंत में स्टॉक :	
कच्चा माल	2,750
फैक्टरी उपरिव्यय	750
बिक्री संवर्धन व्यय	1,000
कार्यालय व्यय	7,500
बिक्री व्यय	2,000

कम्पनी ने 750 टन उत्पाद बनाये। अंत में तैयार माल का स्टॉक 100 टन है। उसका मूल्यन विनिर्माण लागत पर किया जाना है।

3. (क) निम्नलिखित ब्योरे से श्री *A* की निर्धारण वर्ष 2010-11 के लिए कुल आय और देय कर का परिकलन कीजिए। श्री *A* विकलांग है और 31 मार्च, 2010 को 68 वर्ष का है : 28

(i) नियोक्ता से प्राप्त वेतन—5,80,000 रु०

(ii) Annual value of let out house—Rs 30,000

(iii) Interest on loan to purchase another house which is self-occupied—Rs 20,000

(iv) He sold another house on 1.4.2009 for Rs 15 lakhs. Its fair market value on 1.4.1981 was Rs 2,00,000. He invested on 30.7.2009 in the bonds of NHAI (Cost inflation index for 2009–10 is 620)

(v) He won Rs 42,000 in racecourse betting

(vi) He paid Rs 12,000 by cheque to secure the health insurance of GIC for his wife

(vii) He spent on treatment of his mother Rs 20,000, who is suffering from cancer

(viii) He got agricultural income of Rs 20,000

(ix) His minor son is disabled on whose special education he spent Rs 15,000

(x) He donated Rs 10,000 to Gujarat State Chief Minister Relief Fund

(ii) किराए पर दिए मकान का वार्षिक मूल्य—30,000 रु०

(iii) एक अन्य मकान, जो स्व-वासित है, को खरीदने के ऋण पर ब्याज—20,000 रु०

(iv) उसने एक अन्य मकान 1.4.2009 को 15 लाख रु० में बेचा। 1.4.1981 को उसका वाजिब बाजार-मूल्य 2,00,000 रु० था। उसने 30.7.2009 को एन० एच० ए० आइ० के बॉन्ड में निवेश किया (2009–10 के लिए लागत स्फीति सूचकांक 620 है)

(v) रेसकोर्स बाज़ी में उसने 42,000 रु० जीते

(vi) अपनी पत्नी के लिए जी० आइ० सी० का स्वास्थ्य बीमा प्राप्त करने के लिए उसने चैक से 12,000 रु० अदा किए

(vii) उसने अपनी माता, जो कैंसर से पीड़ित है, के इलाज में 20,000 रु० खर्च किए

(viii) उसको 20,000 रु० की कृषि आय हुई

(ix) उसका नाबालिग बेटा विकलांग है, जिसकी विशेष शिक्षा पर उसने 15,000 रु० व्यय किए

(x) उसने 10,000 रु० गुजरात राज्य मुख्यमंत्री राहत कोष को दान दिए

(b) In *DJA* Company Limited, two public financial institutions—Life Insurance Corporation of India and Industrial Development Bank of India—hold 20% and 40% of the paid-up share capital respectively. The Company at its Annual General Meeting passed an ordinary resolution appointing *X* as an auditor for the year 2010–11. Representatives of the Industrial Development Bank of India remained absent in the meeting. A group of members of the Company objects to the appointment of *X* as auditor of the Company on the ground that it is violative of the provisions of the Companies Act, 1956.

Examine the validity of *X* as an auditor of the Company and state whether contention of the members shall be tenable. 20

(c) Examine the taxability of capital gain arising on each of the following transactions : 3×4=12

(i) On the sale of self-generated goodwill of a profession

(ii) On transfer of self-generated tenancy rights

(iii) On transfer of own right to manufacture

(iv) On sale of old car used for personal purposes

(ख) दो सार्वजनिक वित्तीय संस्थाएँ—भारतीय जीवन बीमा निगम और भारतीय औद्योगिक विकास बैंक—*DJA* कम्पनी लिमिटेड की प्रदत्त पूँजी में क्रमशः 20% और 40% धारण किए हुए हैं। कम्पनी ने अपनी वार्षिक साधारण बैठक में वर्ष 2010–11 के लिए *X* को लेखापरीक्षक नियुक्त करने के लिए एक साधारण संकल्प पारित किया। भारतीय औद्योगिक विकास बैंक के प्रतिनिधि उस बैठक में अनुपस्थित रहे। कम्पनी के सदस्यों का एक समूह, कम्पनी के लेखापरीक्षक के तौर पर *X* की नियुक्ति के, कम्पनी अधिनियम, 1956 के उपबन्धों के अतिक्रमणकारी होने के आधार पर, उस नियुक्ति पर आपत्ति कर रहा है।

कम्पनी के लेखापरीक्षक के रूप में *X* की विधिमान्यता का परीक्षण कीजिए और बताइए कि क्या सदस्यों का प्रतिविरोध मान्य होगा अथवा नहीं। 20

(ग) निम्नलिखित में से प्रत्येक लेनदेन से प्रसूत पूँजी अभिलाभ की कराधेयता का परीक्षण कीजिए : $3 \times 4 = 12$

(i) किसी संव्यवसाय के स्व-उत्पादित सुनाम की बिक्री पर

(ii) स्व-उत्पादित अभिधारण अधिकारों के अंतरण पर

(iii) अपने विनिर्माण-अधिकार के अंतरण पर

(iv) व्यक्तिगत प्रयोजनों के लिए प्रयुक्त पुरानी कार की बिक्री पर

4. *(a)* *(i)* You being an advisor of a company are asked by your company to advise on the following :

1. Company desires to issue 'bonus shares' in lieu of dividend.
2. Whether the Company can use the balance to the credit of 'Securities Premium Account' for the issue of 'bonus shares'?
3. Whether a reserve created for the purposes of 'redemption of debentures' can be used for the issue of 'bonus shares'?

Advise the Company. 15

(ii) From the following Profit & Loss Account of an organization for the year ended 31st March, 2010, find out 'Cash from operations' : 15

Profit & Loss Account
for the year ended 31st March, 2010

	Rs		Rs
Purchases	5,00,000	Sales	8,00,000
Wages & Salaries	85,000		
Miscellaneous Expenses	61,200		
Loss on Sale of Old Computers	10,900		
Depreciation	21,200		
Goodwill (written off)	6,000		
Transfer to General Reserves	10,000		
Net Profit	1,05,700		
	8,00,000		8,00,000

4. (क) *(i)* कम्पनी के एक सलाहकार होने के नाते, आपकी कम्पनी आपसे निम्नलिखित पर सलाह माँगती है :

1. कम्पनी लाभांश के एवज़ में 'बोनस शेयरों' का निर्गम करना चाहती है।

2. क्या कम्पनी 'बोनस शेयरों' को जारी करने के लिए 'प्रतिभूति बढ़ौती लेखा' के जमा के शेष का इस्तेमाल कर सकती है?

3. क्या 'ऋणपत्रों के मोचन' के प्रयोजनों के लिए निर्मित आरक्षिति का 'बोनस शेयर' जारी करने के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है अथवा नहीं?

कम्पनी को अपनी सलाह दीजिए। 15

(ii) 31 मार्च, 2010 को समाप्त होने वाले वर्ष के लिए एक संगठन के निम्नलिखित लाभ-हानि लेखा से 'प्रचालनों से नकदी' मालूम कीजिए : 15

31 मार्च, 2010 को समाप्त हुए वर्ष के लिए

लाभ-हानि लेखा

	रु०		रु०
खरीदारी	5,00,000	बिक्रियाँ	8,00,000
मजदूरी और वेतन	85,000		
फुटकर व्यय	61,200		
पुराने कम्प्यूटरों की बिक्री पर हानि	10,900		
मूल्यह्रास	21,200		
सुनाम (बट्टे खाते डाला गया)	6,000		
साधारण आरक्षितियों को अंतरण	10,000		
निवल मुनाफा	1,05,700		
	8,00,000		8,00,000

(b) (i) Examine the concept of VAT scheme. How does VAT system remove the cascading effect of taxes? 15

(ii) Referring to the provisions relating to Service Tax, examine the validity of the following exemptions : 15

1. Service provider whose turn-over is Rs 6 lakhs

2. Export of services worth Rs 50 lakhs

3. Services to UN Agencies worth Rs 25 lakhs

4. Services provided to Mr. *X* a developer of SEZ worth Rs 20 lakhs

5. Goods and materials supplied worth Rs 5 lakhs while providing service

Section—B

5. Answer the following in about *150* words each :

(a) "Shareholders' wealth maximisation is a theoretically logical and operationally feasible normative goal for guiding financial decision-making, while profit maximisation is not." Critically evaluate this statement. 15

(ख) *(i)* 'वैट योजना' की संकल्पना का परीक्षण कीजिए। वैट प्रणाली करों के सोपानन प्रभाव को किस प्रकार हटा देती है? 15

(ii) सेवा-कर से सम्बन्धित उपबन्धों का हवाला देते हुए निम्नलिखित छूटों की विधिमान्यता का परीक्षण कीजिए : 15

1. सेवा प्रदाता जिसका टर्नओवर 6 लाख रु० हो
2. 50 लाख रु० मूल्य की सेवाओं का निर्यात
3. यू० एन० एजेन्सियों को 25 लाख रु० मूल्य की सेवाएँ
4. 'सेज़' के विकासक श्री X को प्रदत्त 20 लाख रु० मूल्य की सेवाएँ
5. सेवा प्रदान करने के दौरान 5 लाख रु० मूल्य के माल एवं सामग्री की पूर्ति किया जाना

खण्ड—ख

5. निम्नलिखित में से प्रत्येक का लगभग *150* शब्दों में उत्तर दीजिए :

(क) "वित्तीय निर्णयन के मार्गदर्शन करने के लिए शेयरधारियों के धन का अधिकतमीकरण सैद्धांतिक रूप से तार्किक एवं प्रचालनिक रूप से साध्य मानकीय लक्ष्य है, जबकि मुनाफा अधिकतमीकरण नहीं है।" इस कथन का समालोचनापूर्वक मूल्यांकन कीजिए। 15

(b) (i) What are the decision rules of the Discounted Cash Flow (DCF) techniques of capital budgeting? 7

(ii) "NPV (Net Present Value) technique of capital budgeting decision is superior to the IRR (Internal Rate of Return) technique." Do you agree? 8

(c) Examine the impact of issue of stock dividend on the market price of equity shares of a company with a suitable illustration. 15

(d) Evaluate the benefits of credit rating and the process involved therein. 15

6. (a) The Summarised Balance Sheet of *ABC* Ltd. as on 31st March, 2009 is as follows with other relevant details :

Balance Sheet
as on 31st March, 2009

Liabilities	Rs (in lakh)	*Assets*	Rs (in lakh)
Equity Capital	40·00	Fixed Assets (Net)	28·00
Reserve and Surplus	6·00	Cash	2·40
		Debtors	18·60
Sundry Creditors	14·00	Inventories	11·00
	60·00		60·00

(ख) *(i)* पूँजी बजटन के बट्टागत नकदी प्रवाह (डी० सी० एफ०) तकनीकों के निर्णयन नियम क्या हैं? 7

(ii) "पूँजी बजटन निर्णयन का एन० पी० वी० (निवल वर्तमान मूल्य) तकनीक आइ० आर० आर० (आंतरिक प्रतिफल दर) तकनीक से श्रेष्ठ है।" क्या आप सहमत हैं? 8

(ग) स्टॉक लाभांश के निर्गम का कम्पनी के इक्विटी शेयरों की बाजार कीमत पर प्रभाव का, उपयुक्त उदाहरण प्रस्तुत करते हुए, परीक्षण कीजिए। 15

(घ) साख निर्धारण के लाभों और उसमें शामिल प्रक्रम का मूल्यांकन कीजिए। 15

6. (क) *ABC* लि० का, जैसे कि 31 मार्च, 2009 को, संक्षिप्त तुलनपत्र अन्य सम्बन्धित ब्योरों के साथ नीचे दिए गए अनुसार है :

31 मार्च, 2009 को तुलनपत्र

देयताएँ	रु० (लाख में)	*परिसम्पत्तियाँ*	रु० (लाख में)
इक्विटी पूँजी	40·00	स्थिर परिसम्पत्तियाँ (निवल)	28·00
आरक्षिति और बेशी	6·00	रोकड़	2·40
विविध लेनदार	14·00	ऋणी	18·60
		माल	11·00
	60·00		60·00

(i) Other information :

Sales	Rs 52·00 lakhs
(–) Cost of production of goods sold	Rs 36·00 lakhs
	Rs 16·00 lakhs
(–) Selling and administration expenses	Rs 12·50 lakhs
Net Profit	Rs 3·50 lakhs

(ii) The Current Industry Average of the following Ratios of *ABC* Ltd. is—

1. Current ratio = 2·1
2. Sales to Debtors ratio = 8·0
3. Inventory turnover = 10·2
4. Net profit to Sales = 9%
5. Sales to Total assets = 2

You are required to calculate Current ratio, Sales to Debtors ratio, Inventory turnover ratio, Net Profit margin and Sales to Total assets of *ABC* Ltd. and compare the same with the industry average. Also give brief comments. 30

(b) "Between two extremes of Net Income (NI) and Net Operating Income (NOI) approaches to Capital Structure, there is also a middle view which is perhaps nearer the truth." Examine this statement in detail. 30

(i) अन्य जानकारियाँ :

बिक्री	52·00 लाख रु०
(–) बेचे गए माल की उत्पादन लागत	36·00 लाख रु०
	16·00 लाख रु०
(–) विक्रय और प्रशासन व्यय	12·50 लाख रु०
निवल मुनाफा	3·50 लाख रु०

(ii) *ABC* लि० के निम्नलिखित अनुपातों का वर्तमान उद्योग औसत नीचे दिए गए अनुसार है :

1. चालू अनुपात = 2·1
2. बिक्री पर ऋणी अनुपात = 8·0
3. मालसूची आवर्त = 10·2
4. बिक्री पर निवल मुनाफा = 9%
5. कुल परिसम्पत्तियों पर बिक्री = 2

आपको *ABC* लि० के चालू अनुपात, बिक्री पर ऋणी अनुपात, मालसूची आवर्त अनुपात, निवल लाभ गुंजाइश और कुल परिसम्पत्तियों पर बिक्री का परिकलन करना है तथा उद्योग औसत के साथ उनकी तुलना करनी है। इसके साथ आप संक्षिप्त टिप्पणियाँ भी दीजिए। 30

(ख) ''पूँजी संरचना के निवल आय (एन० आइ०) और निवल प्रचालनिक आय (एन० ओ० आइ०) उपागमों की दो चरम सीमाओं के बीच एक मध्य विचार भी है, जो शायद सत्य के अधिक निकट है।'' इस कथन का सविस्तार परीक्षण कीजिए। 30

7. (a) Vijay Ltd. is a reputed auto parts manufacturing company. Its equity share is selling for Rs 50. The Company expects its earnings per share of Rs 7·50. The Company has a policy of paying 60% of its earnings as dividends. The company earns a return of 10% on its reinvested profit.

The Company has plans for expansion, for which it wants to issue a 10-year, 8%, Rs 1,000 per bond at a premium of Rs 20. The underwriting commission is expected to be Rs 40 per bond. The tax rate applicable to the Company is 35%.

After the issue of bonds, the Company wishes to have its debt-equity ratio 30 : 70.

You are required to work out cost of equity, after-tax cost of bond and overall cost of capital. 30

(b) Unique Storage Private Ltd. Co. is leader in selling small-size storage tanks in Central Gujarat. At present, the Company is selling 100000 tanks at Rs 500 each. At the current level of production, the variable cost per tank is Rs 400 and the total cost per tank is Rs 450. The Company wants to enter in the Northern Gujarat with an aggressive marketing plan. For the purpose, it is thinking of extending credit period from one month to two months, so that entering into new market will be easy in

7\. (क) विजय लि० एक विख्यात मोटर पुर्जे विनिर्माण कम्पनी है। उसका इक्विटी शेयर 50 रु० में बिक रहा है। कम्पनी अपने प्रति शेयर अर्जन के 7·50 रु० होने की आशा करती है। कम्पनी की नीति लाभांश के रूप में अपने अर्जनों के 60% को अदा करने की है। कम्पनी अपने पुनर्निवेशित लाभ पर 10% प्रतिफल कमाती है।

कम्पनी के विस्तार की योजनाएँ हैं, जिसके लिए वह 20 रु० के प्रीमियम पर, 10-वर्षीय, 8%, 1,000 रु० प्रति बॉन्ड जारी करना चाहती है। उम्मीद है कि हामीदारी (अंडर-राइटिंग) कमीशन 40 रु० प्रति बॉन्ड होगी। कम्पनी पर लागू कर दर 35% है।

कम्पनी चाहती है कि बॉन्ड जारी करने के बाद उसका ऋण-इक्विटी अनुपात 30 : 70 हो।

आपको इक्विटी की लागत, बॉन्ड की करोत्तर लागत और पूँजी की समग्र लागत का परिकलन करना है। 30

(ख) यूनीक स्टोरेज प्राइवेट लि० कं० केन्द्रीय गुजरात में लघु-आकार संग्रह टंकियों के बेचने में अग्रणी है। वर्तमान में कम्पनी 500 रु० प्रत्येक के हिसाब से 100000 टंकियाँ बेच रही है। उत्पादन के वर्तमान स्तर पर प्रति टंकी परिवर्ती लागत 400 रु० है और प्रति टंकी पूर्ण लागत 450 रु० है। कम्पनी आक्रामक विपणन योजनाओं के साथ उत्तरी गुजरात में प्रवेश करना चाहती है। इस प्रयोजन के लिए वह उधार अवधि को एक महीने से बढ़ाकर दो महीना करने की सोच रही है, ताकि वर्तमान वितरकों को आकर्षित करने के

addition to attracting existing distributors. If the credit period is extended, it is estimated that sales will increase by 25 percent.

If the required rate of return (before tax) on the investment of the Company is 25 percent, comment on the desirability of the proposed policy. 30

8. *(a)* What leads to the failure of a merger or acquisition? How should a company ensure that the merger or acquisition is successful? Elaborate. 30

(b) *(i)* If the use of financial leverage magnifies the earnings per share under favourable economic conditions, why do companies not employ very large amounts of debt in their capital structures? 15

(ii) Why is venture capital needed in a country like India? Explain the present position of venture capital schemes launched by All India Financial Institutions. 15

अतिरिक्त नए बाजार में प्रवेश करना आसान हो जाय। यदि उधार अवधि बढ़ा दी जाय, तो अनुमान है कि बिक्री 25 प्रतिशत बढ़ जाएगी।

यदि कम्पनी के निवेश पर अपेक्षित प्रतिफल दर (कर-पूर्व) 25 प्रतिशत हो, तो प्रस्तावित नीति की वांछनीयता पर टिप्पणी कीजिए। 30

8. (क) किन कारणों के फलस्वरूप विलयन या अधिग्रहण विफल हो जाता है? कम्पनी को किस प्रकार सुनिश्चित करना चाहिए कि विलयन या अधिग्रहण सफल हो? इसको सविस्तार स्पष्ट कीजिए। 30

(ख) *(i)* यदि वित्तीय लीवरेज का उपयोग अनुकूल आर्थिक दशाओं में प्रति शेयर अर्जन में वृद्धि करता हो, तो कम्पनियाँ अपनी पूँजी संरचनाओं में ऋण की बहुत बड़ी राशियों का इस्तेमाल क्यों नहीं करती हैं? 15

(ii) भारत जैसे देश में जोखिम पूँजी की क्यों आवश्यकता है? अखिल भारतीय वित्तीय संस्थाओं द्वारा प्रारम्भ की गई जोखिम पूँजी योजनाओं की वर्तमान स्थिति को स्पष्ट कीजिए। 15

★ ★ ★

C–DTN–K–DBA

वाणिज्य व लेखाविधि

प्रश्न-पत्र—I

समय : तीन घण्टे	पूर्णांक : 300

अनुदेश

प्रत्येक प्रश्न हिन्दी और अंग्रेजी दोनों में छपा है।

प्रश्नों के उत्तर उसी माध्यम में लिखे जाने चाहिए, जिसका उल्लेख आपके प्रवेश-पत्र में किया गया है, और इस माध्यम का स्पष्ट उल्लेख उत्तर-पुस्तक के मुख-पृष्ठ पर अंकित निर्दिष्ट स्थान पर किया जाना चाहिए। प्रवेश-पत्र पर उल्लिखित माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम में लिखे गए उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेंगे।

*प्रश्न संख्या **1** और **5** अनिवार्य हैं। बाकी प्रश्नों में से प्रत्येक खण्ड से कम-से-कम **एक** प्रश्न चुनकर किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।*

यदि आवश्यक हो तो उपयुक्त आँकड़ों का चयन कीजिए तथा उनको निर्दिष्ट कीजिए।

प्रत्येक प्रश्न के लिए नियत अंक प्रश्न के अंत में दिए गए हैं।

Note : English version of the Instructions is printed on the front cover of this question paper.